प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 101- 0782846

# SECONDARY SENT-UP EXAMINATION - 2024

# माध्यमिक उत्प्रेषण परीक्षा - 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**A**

विषय कोड :
Subject Code : **101**

## HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 16
**Total Printed Pages : 16**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

ARIHANT

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है
   (A) मित्रता (B) आदित्य
   (C) सभा (D) पत्थर

2. 'धुनाई' शब्द में कौन प्रत्यय है ?
   (A) धुन (B) आई
   (C) आ (D) ई

3. 'मथानी' में प्रत्यय है
   (A) आनी (B) मथ
   (C) आ (D) ई

4. 'बहुत दूध' में कौन विशेषण है ?
   (A) निश्चित परिमाणबोधक (B) गुणवाचक
   (C) अनिश्चित परिमाणबोधक (D) प्रविशेषण

5. 'पृथ्वीश' का संधि-विच्छेद है
   (A) पृथ + वीश (B) पृथ्वी + इस
   (C) पृथ्वी + ईश (D) पृथ्वी + श

6. 'द्विमात्रिक स्वर' किसे कहते हैं ?
   (A) ह्रस्व को (B) दीर्घ को
   (C) प्लुत को (D) लघु को

7. 'केवल मुँह से बोले जानेवाले सस्वर वर्णों को' क्या कहते हैं ?
   (A) अनुनासिक (B) निरनुनासिक
   (C) अनुस्वार (D) विसर्ग

8. 'ब' का उच्चारण-स्थान है
   (A) तालु (B) मूर्धा
   (C) दंत (D) ओष्ठ

9. निम्न में अंतःस्थ व्यंजन कौन है ?

(A) ल (B) द

(C) ध (D) प

10. निम्न में कौन ऊष्म व्यंजन है ?

(A) य (B) र

(C) म (D) ह

11. निम्नलिखित में कौन महाप्राण व्यंजन का उदाहरण है ?

(A) फ (B) ग

(C) च (D) ट

12. 'वसुधा + एव' पदों की संधि है

(A) वासुधेव (B) वासुदेव

(C) वसुधएव (D) वसुधैव

13. 'संचय' का संधि-विच्छेद है

(A) सम् + चय (B) शम् + चय

(C) समान् + चय (D) समता + चय

14. 'अधीश्वर' का संधि-विच्छेद है

(A) आध + ईश्वर (B) अधि + श्वर

(C) आ + ईश्वर (D) अधि + ईश्वर

15. 'मनोरथ' का संधि-विच्छेद है

(A) म + रथ (B) मनो + रथ

(C) मन + रथ (D) मनः + रथ

16. निम्न में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) समहार (B) विषाद

(C) विसाद (D) विशाद

17. निम्नलिखित में कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) उज्ज्वल (B) तिरस्कार

(C) दुष्कर (D) पुरष्कार

18. निम्नलिखित में कौन शब्द वृद्धि स्वरसंधि का उदाहरण है ?

(A) महौषध (B) महाशय

(C) अन्वय (D) गिरीन्द्र

19. 'प्रसाद के नाटक' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) संबंध (D) संबोधन

20. 'मेरे घर पर चार आदमी हैं' – वाक्य में कारक है

(A) संबंध (B) अधिकरण

(C) संबोधन (D) संप्रदान

21. ( ' ' ) कोष्ठक में अंकित चिह्न है

(A) योजक चिह्न (B) प्रश्नवाचक चिह्न

(C) विस्मयादिबोधक चिह्न (D) उद्धरण चिह्न

22. 'विंध्याचल' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक

(C) जातिवाचक (D) समूहवाचक

23. 'वीर' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) बहादुर (B) नायक

(C) कायर (D) पंडित

24. 'वह कमजोर था, इसलिए दौड़ नहीं सका ।' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) आज्ञावाचक वाक्य

25. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) श्रीराम के अनेकों नाम है । (B) वहाँ भारी-भरकम भीड़ जमा थी ।

(C) साहित्य और जीवन का अभिन्न संबंध है । (D) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ ।

26. 'रमेश गीत गा रहा था' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल (B) भूतकाल

(C) भविष्यतकाल (D) पूर्ण वर्तमानकाल

27. 'मैं पढ़ रहा हूँ' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) तात्कालिक वर्तमान (B) पूर्ण वर्तमान

(C) संदिग्ध वर्तमान (D) सामान्य वर्तमान

28. 'पाठक' शब्द का बहुवचन है

(A) पाठिका (B) पाठ

(C) पाठकगण (D) पठाकु

29. "कमजोरी के कारण भारती उठ नहीं सकती" – किस वाच्य का उदाहरण है ?

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

30. निम्न में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है ?

(A) रीना ने चिट्ठी पढ़ी । (B) रीता रोने लगी ।

(C) बालक दौड़ता है । (D) सुशील सो गया ।

31. 'इस इलाके में सबसे बड़ा मकान मेरा ही है ।' – कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

32. हिन्दी में कौन लिंग नहीं है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

33. 'जाति' शब्द का लिंग है

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

34. 'समाज' शब्द का लिंग है

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

35. सकर्मक और अकर्मक किसके भेद हैं ?

(A) संधि के (B) समास के

(C) लिंग के (D) क्रिया के

36. 'अनुग्रह' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) इति (B) रुचि

(C) विग्रह (D) ग्रहण

37. निम्नलिखित में कौन शब्द अव्यय का उदाहरण है ?

(A) बल्कि (B) गुनगुनाना

(C) बताना (D) रोना

38. 'जूता' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

39. 'ऊँट' शब्द का तत्सम शब्द कौन है ?
(A) बिडाल
(B) शृंगाल
(C) उष्ट्र
(D) केहरि

40. निम्नलिखित में कौन शब्द तद्भव शब्द है ?
(A) आम
(B) शलाका
(C) उबटन
(D) तिक्त

41. 'लंबोदर' शब्द है
(A) रूढ़
(B) यौगिक
(C) योगरूढ़
(D) इनमें से कोई नहीं

42. 'चाकू' शब्द है
(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशी

43. 'सु' उपसर्ग से बना शब्द है
(A) संग्रह
(B) संयोग
(C) संस्कृत
(D) सुयश

44. 'अवज्ञा' शब्द में कौन उपसर्ग है ?
(A) उप
(B) अति
(C) अव
(D) आ

45. 'प्रति' उपसर्ग से बना शब्द है
(A) प्रत्युपकार
(B) प्रमाण
(C) परिचय
(D) प्रहार

46. 'गुरुत्व' शब्द में कौन प्रत्यय है ?
(A) गु
(B) गुरु
(C) क्त्वा
(D) त्व

47. 'कुलीन' शब्द में कौन प्रत्यय है ?
(A) ईन
(B) इन
(C) कुल
(D) कु

48. 'शत्रुता' शब्द में प्रत्यय है
(A) त्रा
(B) ता
(C) शत्रु
(D) अ

49. 'महावीर' शब्द में कौन समास है ?
(A) तत्पुरुष समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) द्विगु समास

50. 'धर्माधर्म' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु समास
(B) कर्मधारय समास
(C) द्वन्द्व समास
(D) अव्ययीभाव समास

51. 'पिता' शब्द का विशेषण शब्द कौन है ?

(A) पैतृक
(B) पितर
(C) पृत्रा
(D) पवित्र

52. 'प्रदेश' शब्द का विशेषण शब्द है

(A) प्रदेशी
(B) प्रादेशिक
(C) प्रदेशा
(D) प्रमाद

53. 'विष्णु' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) चतुरानन
(B) जनार्दन
(C) उमापति
(D) गिरीश

54. 'रात्रि' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) रैन
(B) वैन
(C) राव
(D) रंक

55. 'सोना' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) रजत
(B) दामिनी
(C) कामिनी
(D) कंचन

56. 'नहीं मरनेवाला' – के लिए एक शब्द है

(A) नश्वर
(B) अमर
(C) क्षणभंगुर
(D) मरणशील

57. 'सब में व्याप्त' – के लिए एक शब्द है

(A) मंगलकारी
(B) सर्वव्यापी
(C) शाकाहारी
(D) हितकारी

58. 'आँखों का काँटा होना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) मित्र होना
(B) प्रिय होना
(C) साथी होना
(D) शत्रु होना

59. 'सिर पीटना' मुहावरे का अर्थ है

(A) शोक करना
(B) खुशी मनाना
(C) सिर दबाना
(D) उत्सव मनाना

60. 'श्रीगणेश करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) शुभारंभ करना
(B) समाप्त करना
(C) अंत करना
(D) पूजा करना

61. 'बहादुर' शीर्षक कहानी में लेखक की पत्नी के रिश्तेदार किस दिन आए थे ?

(A) रविवार को
(B) सोमवार को
(C) मंगलवार को
(D) बुधवार को

62. सभ्य-समाज की आवश्यकता क्या है ?

(A) जाति प्रथा
(B) वर्गभेद
(C) श्रम विभाजन
(D) परम्परागत कार्य

63. 'विष के दाँत' शीर्षक कहानी किस वर्ग के अनेक अंतर्विरोधों को उजागर करती है ?

(A) उच्च वर्ग
(B) कुलीन वर्ग
(C) मध्यम वर्ग
(D) निम्न वर्ग

64. 'प्रेमघन' के दोहों में कैसा स्वर मुखरित है ?

(A) भक्ति
(B) नवजागरण
(C) प्रेम
(D) देशद्रोह

65. 'आनंद कादंबिनी' नामक मासिक पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) वीरेन डंगवाल
(C) जीवनानंद दास
(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

66. मैक्स मूलर ने मानव सभ्यता का मूल स्रोत किसे माना है ?

(A) अवैदिक तत्त्वज्ञान को
(B) वैदिक तत्त्वज्ञान को
(C) रसायन तत्त्वज्ञान को
(D) भौतिक तत्वज्ञान को

67. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) बलिया ( उत्तर प्रदेश )
(B) सिमरिया ( बिहार )
(C) चिरगाँव ( मध्य प्रदेश )
(D) अमरावती ( महाराष्ट्र )

68. 'बहादुर' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम क्या है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) मैक्स मूलर
(C) अमरकांत
(D) विनोद कुमार शुक्ल

69. 'निराला की साहित्य साधना' के लेखक कौन हैं ?

(A) यतीन्द्र मिश्र
(B) महात्मा गाँधी
(C) अशोक वाजपेयी
(D) रामविलास शर्मा

70. पंडित बिरजू महाराज का साक्षात्कार किसने लिया ?

(A) कमला श्रीवास्तव ने
(B) अलका वाजपेयी ने
(C) रश्मि वाजपेयी ने
(D) नम्रता श्रीवास्तव ने

71. पंडित बिरजू महाराज को गण्डा किसने बाँधा था ?

(A) अम्माजी
(B) बाबूजी
(C) मामाजी
(D) नानाजी

72. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा क्या है ?

(A) ललित निबंध
(B) उपन्यास
(C) कहानी
(D) नाटक

73. 'मछली' शीर्षक कहानी में किसने बाजार से मछलियाँ खरीदी थी ?

(A) संतू ने
(B) पिताजी ने
(C) नरेन ने
(D) दीदी ने

74. काशी किसकी पाठशाला है ?

(A) असभ्यता
(B) संस्कृति
(C) अमर्यादा
(D) कुरीति

75. काशी विश्वनाथ से लगा हुआ इलाका कौन है ?

(A) पक्का महाल
(B) गजराजगंज
(C) अशोक नगर
(D) रामपुर

76. 'शिक्षा और संस्कृति' किसकी रचना है ?

(A) यतीन्द्र मिश्र
(B) नामवर सिंह
(C) महात्मा गाँधी
(D) अमरकांत

77. निर्गुण भक्तिधारा के कवि कौन हैं ?

(A) गुरु नानक
(B) तुलसीदास
(C) प्रेमघन
(D) घनानंद

78. कवि रसखान के रचनाकाल के समय किसका राज्यकाल था ?

(A) अकबर
(B) जहाँगीर
(C) शाहजहाँ
(D) औरंगजेब

79. 'बिहार' किसकी जन्मस्थली है ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(D) अज्ञेय

80. 'प्रेम की पीर' के कवि कौन हैं ?

(A) रसखान (B) रहीम

(C) घनानंद (D) गुरु नानक

81. 'मनुज भारती' का अर्थ है

(A) विदेशी मनुष्य (B) भारतीय मनुष्य

(C) नेपाली मनुष्य (D) अधम मनुष्य

82. 'स्वर्ण शस्य पर-पद-तल लुंठित' - इस पंक्ति के रचनाकार हैं

(A) जयशंकर प्रसाद (B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) सुमित्रानंदन पंत (D) कुँवर नारायण

83. 'तार-सप्तक' का संपादन किसने किया ?

(A) अज्ञेय ने (B) प्रेमघन ने

(C) दिनकर ने (D) अनामिका ने

84. वीरेन डंगवाल की कविता कौन है ?

(A) अक्षर-ज्ञान (B) भारत माता

(C) हमारी नींद (D) स्वदेशी

85. 'इन दिनों' कविता संग्रह से कौन कविता संकलित है ?

(A) एक वृक्ष की हत्या (B) हमारी नींद

(C) जनतंत्र का जन्म (D) मेरे बिना तुम प्रभु

86. 'आत्मजयी' के रचनाकार हैं

(A) दिनकर (B) कुँवर नारायण

(C) वीरेन डंगवाल (D) अशोक वाजपेयी

87. गरीब बस्तियों में धमाके से क्या हुआ ?

(A) देवी जागरण (B) भाषण

(C) प्रचार (D) नाटक

88. कवयित्री अनामिका का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

(A) राजस्थान (B) बिहार

(C) नेपाल (D) गुजरात

89. कवि जीवनानंद दास किस भाषा के कवि हैं ?

(A) उड़िया (B) कन्नड

(C) बाँग्ला (D) ब्रजभाषा

90. भगवान किसके बिना एकाकी और निरुपाय हैं ?

(A) बिना भक्त के (B) बिना लबादा के

(C) बिना जलपात्र के (D) बिना ऐश्वर्य के

91. मंगम्मा ने क्या बेचने का काम अपनी बहू नंजम्मा को सौंप दिया ?

(A) सब्जी (B) फल

(C) दूध (D) दही

92. लक्ष्मी किस कहानी की पात्रा है ?

(A) ढहते विश्वास (B) नगर

(C) माँ (D) धरती कब तक घूमेगी

93. भँवरी किसकी पत्नी है ?

(A) कैलास (B) नारायण

(C) बिज्जू (D) गिरधर

94. 'मदुरै' को यूनानी लोग किस नाम से पुकारते थे ?

(A) मंडोरा (B) मदुरा

(C) मादरा (D) मेदोरा

95. मंगु कब से पागल है ?

(A) जन्म से (B) किशोरावस्था से

(C) प्रौढ़ावस्था से (D) तरुणावस्था से

96. किस रंग की साइकिल रिक्शा पर वल्लि अम्माल सवार हुई ?

(A) पीला (B) नीला

(C) काला (D) हरा

97. राजस्थानी भाषा के कहानीकार कौन हैं ?

(A) सुजाता (B) श्रीनिवास

(C) सातकोड़ी होता (D) साँवर दइया

98. प्रकृति सौन्दर्य की कविता के लिए कौन कवि विख्यात हैं ?

(A) अज्ञेय (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) दिनकर (D) निराला

99. 'शेखर : एक जीवनी' किसका उपन्यास है ?

(A) अनामिका (B) अज्ञेय

(C) दिनकर (D) पंत

100. 'हिन्दुस्तानी डांस म्यूजिक अकादमी' कहाँ है ?

(A) अहमदाबाद (B) वाराणसी

(C) दिल्ली (D) जयपुर

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) मनुष्य के लिए वाणी एक अनमोल वरदान है । कोयल अपनी मधुर वाणी से सबका मन हर लेती है, जबकि कौए की कर्कश काँव-काँव किसी को अच्छी नहीं लगती । वाणी के बिना सृष्टि में सब कुछ सूना है । मीठी वाणी का प्रभाव बहुत असरदार होता है । इससे सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं । समाज में मृदुभाषी लोगों का बहुत आदर होता है । मृदुभाषी के मुख से निकली एक-एक आवाज सुनने वाले के मन को भाती है । उसके संपर्क में आने वाला मनुष्य उसके वश में हो जाता है । मधुर वाणी केवल श्रोता को ही आनंदित नहीं करती बल्कि बोलने वाले को भी आनंदमग्न कर देती है । मधुर वाणी से समाज में सद्भावना का प्रसार होता है ।

(i) मनुष्य के लिए अनमोल वरदान क्या है ?

(ii) कोयल की वाणी कैसी होती है ?

(iii) समाज में किसका बहुत आदर होता है ?

(iv) मधुर वाणी से समाज में किसका प्रसार होता है ?

(v) इस गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दें ।

(ख) बाबा नागार्जुन का जन्म 1911 ई० में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन बिहार के मधुबनी जिले के सतलखा गाँव ( ननिहाल ) में हुआ, जो उनके पैतृक गाँव तरौनी ( जिला दरभंगा ) से बहुत दूर नहीं है । उनकी आरंभिक शिक्षा गाँव की संस्कृत पाठशाला में हुई । नागार्जुन का असली नाम वैद्यनाथ मिश्र था लेकिन हिन्दी साहित्य जगत् में वे 'नागार्जुन' तथा मैथिली साहित्य में 'यात्री' उपनाम से रचनाएं करते थे । साहित्य-साधना ही उनकी जीविका का मुख्य साधन था ।

(i) बाबा नागार्जुन का जन्म कब हुआ था ?

(ii) नागार्जुन के पैतृक गाँव का नाम क्या है ?

(iii) वैद्यनाथ मिश्र किसका असली नाम है ?

(iv) मैथिली साहित्य की रचनाएँ नागार्जुन किस उपनाम से करते थे ?

(v) नागार्जुन की जीविका का मुख्य साधन क्या था ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का होगा।

$5 \times 2 = 10$

(क) भारत एक कृषि प्रधान देश है। कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता के अतिरिक्त पशुओं के लिए चारे तथा अनेक उद्योग-धन्धों का कच्चा माल भी कृषि से ही प्राप्त होता है। भारत में लगभग सभी प्रकार की फसले उगाई जाती हैं। भोजन की प्राप्ति के उद्देश्य से जो खेती की जाती है, उसे जीवन निर्वाह कृषि कहते हैं। इसी तरह स्थान बदल-बदल कर खेती करने की पद्धति को स्थानान्तरी या 'झूम कृषि' कहते हैं।

(i) कृषि प्रधान देश कौन है ?

(ii) कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की क्या है ?

(iii) कृषि से क्या-क्या प्राप्त होते हैं ?

(iv) जीवन निर्वाह कृषि किसे कहते हैं ?

(v) झूम कृषि किसे कहते हैं ?

(ख) मध्य प्रदेश में मुरैना नाम का एक जनपद है, शिवपुरी इस जनपद का एक प्रसिद्ध नगर है। इसी नगर के महाराष्ट्रीय कुलकर्णी ब्राह्मण परिवार में मुक्तिबोध का जन्म सन् 1917 ई० में हुआ था। उनके पूर्वज जलगाँव के निवासी थे। वहाँ अंग्रेजी शासन स्थापित होने पर उनके परदादा वासुदेव जी वहाँ से आकर ग्वालियर बस गये। मुक्तिबोध के पिता का नाम माधवराव और उनकी माता का नाम पार्वतीबाई था। मुक्तिबोध अत्यंत अध्ययनशील थे। आर्थिक संकटों से घिरे रहने पर भी उनकी अध्ययनशीलता में कमी नहीं आयी।

(i) मुरैना नाम का जनपद कहाँ है ?

(ii) मुक्तिबोध का जन्म कब हुआ था ?

(iii) मुक्तिबोध का जन्म किस परिवार में हुआ था ?

(iv) मुक्तिबोध के माता-पिता का नाम क्या था ?

(v) मुक्तिबोध के पूर्वज कहाँ के निवासी थे ?

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) मेरे प्रिय कवि

- (i) जीवन परिचय
- (ii) उनकी शिक्षा-दीक्षा
- (iii) प्रिय होने का कारण
- (iv) निष्कर्ष

(ख) भ्रमण का महत्त्व

- (i) भूमिका
- (ii) भ्रमण की आवश्यकता
- (iii) भ्रमण और शिक्षा
- (iv) उपसंहार

(ग) जंगल

- (i) भूमिका
- (ii) जंगल का महत्त्व
- (iii) जंगल से लाभ
- (iv) जंगलों की अंधाधुंध कटाई से हानि
- (v) निष्कर्ष

(घ) भारतीय पर्व

- (i) भूमिका
- (ii) पर्व की महत्ता
- (iii) पर्व मनाने से लाभ
- (iv) उपसंहार

(ङ) महँगाई

- (i) भूमिका
- (ii) कारण
- (iii) रोकने के उपाय
- (iv) निष्कर्ष

4. अपने प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें पुस्तकालय के लिए नयी पुस्तकें मँगवाने का निवेदन किया गया हो । 5

**अथवा**

मद्य-निषेध के परिणाम पर दो व्यक्तियों के बीच आपसी संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग **20 - 30** शब्दों में दें : $5 \times 2 = 10$

(i) खोखा किन मामलों में अपवाद था ?

(ii) बढ़ते नाखूनों द्वारा प्रकृति मनुष्य को क्या याद दिलाती है ? 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' शीर्षक पाठ के आधार पर लिखें ।

(iii) नागरी को देवनागरी क्यों कहते हैं ? लेखक गुणाकर मुले इस संबंध में क्या बतलाते हैं ?

(iv) निर्मला को बहादुर के चले जाने पर किस बात का अफसोस हुआ ? 'बहादुर' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें ।

(v) मनुष्य की छायाएँ कहाँ और क्यों पड़ी हुई हैं ? 'हिरोशिमा' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

(vi) घर, शहर और देश के बाद कवि कुँवर नारायण किन चीजों को बचाने की बात करते हैं ?

(vii) शानदार लबादा किसका गिर जाएगा और क्यों ? 'मेरे बिना तुम प्रभु' शीर्षक कविता के अनुसार लिखें ।

(viii) कवि दिनकर किनके सिर पर मुकुट धरने की बात करते हैं और क्यों ?

(ix) रंगप्पा कौन था और वह मंगम्मा से क्या चाहता था ?

(x) माँ मंगु को अस्पताल में क्यों भर्ती कराना नहीं चाहती थी ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें ।

( शब्द सीमा लगभग **100** ) : 1 × 5 = 5

(i) 'परंपरा का मूल्यांकन' शीर्षक निबंध का समापन करते हुए लेखक कैसा स्वप्न देखता है ? उसे साकार करने में परंपरा की क्या भूमिका हो सकती है ?

(ii) व्याख्या करें :

''मानव का रचा हुआ सूरज
मानव को भाप बना कर सोख गया ।
पत्थर पर लिखी हुई यह
जली हुई छाया
मानव की साखी है ।''